एक नजर में

## समाधान योजना का मिल रहा लाभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विद्युत कंपनी ने बिजली बिल बकायादारों से वसूली के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार अभियान शुरू किया है। कंपनी द्वारा अनाउंसमेंट के माध्यम से प्रदेश सरकार की समाधान योजना की जानकारी दी जा रही है। इस योजना के तहत तीन माह से अधिक पुराने बिजली बिलों के सरचार्ज पर 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान है।**

विद्युत वितरण केंद्र मोहनगढ़ के सहायक अभियंता नितिन बाथम ने बताया कि समाधान योजना 2025 का प्रचार-प्रसार मोहनगढ़ वितरण क्षेत्र में शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश शासन ने विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से यह योजना लागू की है। इसके अंतर्गत तीन माह से अधिक पुराने अधिभार सरचार्ज की माफी की जा रही है। इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए वितरण केंद्र मोहनगढ़ द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र के सभी गाँवों और कस्बों में माइक-अनाउंसमेंट सूचना-पर्चे और शिविरों के आयोजन से उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिया है।

# शिक्षकों की मनमानी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

जतारा क्षेत्र के ग्राम करमौरा के शासकीय स्कूल का मामला

शाला के समय दुकानों पर नजर आते शिक्षक





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/जतारा**

**विकासखंड जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत करमौरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों का आलम यह बन चुका है कि वह कार्यलयीन समय में विद्यायल की जगह परिसर के आस-पास स्थित दुकानों पर बैठे दिखाई देते है और बच्चे पढ़ाई की जगह खेल कूद करके अपने घर चले जाते है। शिक्षकों की इस मनमानी के चलते बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। इसकी पुष्टि उस समय हुई जब नवभारत के संवाददाता ने विद्यालय पहुंचकर यहां की हकीकत जानी।**

नवभारत संवाददाता ने देखा तो उसे पता चला कि प्राथमिक खंड में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों का भविष्य खतरे में नजर आ रहा है क्योंकि शाला में पदस्थ कुछ प्राथमिक शिक्षक शाला में हस्ताक्षर करने आते हैं बच्चों को पढ़ाने लिखाने में उनका मन नहीं लगता और जैसे ही 2 बजते हैं शिक्षक अपने अपने घर के लिए निकल जाते हैं। जिससे कि छात्र छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है कुछ शिक्षक अपना समय विद्यालय के बाहर दुकानों पर व्यतीत करते नजर आते हैं प्राथमिक शिक्षकों की संख्या विद्यालय में 5 है जिसमें जानकारी अनुसार माधुरी जैन, हमीद अली, विनोद जैन, परमेश्वर दयाल खरे एवं गोकुल प्रसाद के नाम शामिल है। कुछ दिन पहले विनोद जैन जो सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। वह विद्यालय के समय विद्यालय के सामने खुली दुकानों पर बैठकर अपना समय व्यतीत करते नजर आए थे और 3.00 बजे विद्यालय छोड़कर चले गए जब ग्रामीणों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि यह रोज सुबह 11बजे अपने विद्यालय में हस्ताक्षर करके अपनी पत्नी को दूसरे स्कूल में पहुंचाने जाते हैं और वहां से 12 बजे तक अपने विद्यालय लौटकर आते हैं फिर दोबारा 3.00 बजे उनको स्कूल से लेकर अपने घर निकल जाते हैं ऐसे शिक्षकों की लापरवाही के चलते विद्यालय का हाल बेहद खराब है और विद्यालय भगवान भरोसे चल रहा है ये शिक्षक छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं इसी वजह से विद्यालय में छात्र छात्राएं आते हैं और बिना पढ़े घर चले जाते हैं और धीरे धीरे उनका विद्यालय से मोहभंग हो रहा है और विद्यालय में दिन प्रतिदिन छात्र छात्राओं की संख्या न्यून होती जा रही है जब भी कोई अभिभावक या ग्रामीण इस विषय को लेकर विद्यालय जाते हैं तो सहायक शिक्षक विनोद जैन उनका वीडियो बनाकर उन्हें धमकाने की कोशिश करते हैं।

### संकुल प्राचार्य ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

नवभारत संवाददाता ने जब इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी रविंद्र सिंह परिहार से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि इस बारे में हम कुछ नहीं कह सकते हैं। वहीं इसी मामले को लेकर जब संकुल प्राचार्य अरुण नुना से बात कि तो उनकों पूरा घटनाक्रम बताया तो उन्होंने कहा कि हम उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे। अगर इस तरह का व्यवहार विद्यालय में किया जाता है साथ ही शिक्षक बच्चों को पढ़ने की बजाय दुकानों पर समय बिताते हैं तो उसकी विभाग द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

## महिला खिलाड़ी से मिलने पहुंचे विधायक



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विधानसभा के कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने मंगलवार को छतरपुर जिले के घुवारा पहुंचकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौंड से मुलाकात की। उन्होंने महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने पर क्रांति गौंड को बधाई और शुभकामनाएं दीं।**

विधायक बुंदेला ने इस दौरान अपनी स्वेच्छा अनुदान निधि से कुछ राशि भी क्रांति गौंड को देने की घोषणा की है। मुलाकात के दौरान विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक विक्रांत सिंह भूरिया से फोन पर क्रांति गौंड की बात कराई।विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि मध्यप्रदेश की बेटी क्रांति गौंड ने महिला विश्व कप में प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कांग्रेस की सरकारों ने आदिवासी वर्ग को संवैधानिक अधिकार दिए जिसके कारण आज दलित आदिवासी समाज आगे बढ़ रहा है और उनकी बेटियां देश का गौरव बन रही हैं। इस मौके पर पूर्व मंडी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मिश्रा, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गौरव शर्मा, पूर्व पार्षद लक्ष्मण रैकवार सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# एक वर्षीय स्मरणोत्सव का लिया निर्णय




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को देश में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक राष्ट्रीय गीत के एक वर्षीय स्मरणोत्सव आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसीक्रम में जिले की सभी नगरीय निकायों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।**

ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को देश में 7 नवम्बर से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। वंदे मातरम् के एतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्ष भर चार चरणों यथा प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर 2025 शुभारंभ, द्वितीय चरण 19 से 6 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान के साथ तथा चतुर्थ चरण एक से 7 नवम्बर 2026 समापन सप्ताह में विविध गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसको लेकर तैयारी चल रही है।

# 88 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा सुश्री अंजली शर्मा ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 88 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा सुश्री अंजली शर्मा ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर निराकरण किया।

# तकनीक और त्वरित कार्यवाही पर जोर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में अमन शांति और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष सुरक्षा अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिले की कानून व्यवस्था को और मज़बूत बनाने के लिए सतर्कता तकनीक और त्वरित कार्यवाही पर ज़ोर दिया गया है।**

भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों बाजारों और धार्मिक स्थलों पर पुलिस की उपस्थिति और गश्त को बढ़ा दिया गया है। पैदल गश्त मोबाइल पेट्रोलिंग और रात्रिकालीन निगरानी लगातार जारी है जिससे नागरिकों को सुरक्षा का सीधा अनुभव मिल रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है साथ ही प्रवेश मार्गों पर वाहनों और व्यक्तियों की कड़ी जांच की जा रही है।आधुनिक ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी सिस्टम से जिले की गतिविधियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। कंट्रोल रूम, रैपिड रिस्पॉन्स टीम, बाइक पेट्रोलिंग और मोबाइल यूनिट्स हर समय तत्पर हैं ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के लिए सभी होटल, लॉज और धर्मशालाओं को अपने यहां ठहरने वालों का रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए है।

## आवंटन की प्रक्रिया पोर्टल पर संपादित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 नवम्बर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किये गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी।**

प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्ते इस प्रकार हैं, तदनुसार प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम के प्रावधानों के अनुसार होगा।

# ठंडक के चलते नहीं बदला स्कूलों का समय

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। पिछले चार दिनों से रात का तापमान लगातार कम हो रहा है। दिन में धूप निकलने से कुछ राहत मिलती हैए लेकिन शाम 5.30 बजे के बाद तापमान तेजी से गिर जाता है। सुबह ठंडी हवाओं के कारण ठंड और अधिक महसूस होती है। ठंड बढ़ने के बावजूद सुबह की शिफ्ट वाले स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।**



भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री और न्यूनतम 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को अधिकतम तापमान 28.3 और न्यूनतम 11.5 डिग्री रहा। सोमवार को अधिकतम 28.2 और न्यूनतम 11.4 डिग्री दर्ज किया गया।ठंड बढ़ने के बावजूद सुबह की शिफ्ट वाले स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुष्पा स्कूल, संस्कार किड्स और सरोज कॉन्वेंट जैसे कई निजी स्कूल सुबह 7.30 बजे से संचालित हो रहे हैं। इसके चलते बच्चों को सुबह 7 बजे घर से निकलना पड़ता है जिससे सर्द हवाओं और ठंड के कारण बच्चों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम साफ रहने की संभावना है। दिन का तापमान 26 से 28 डिग्री के बीच रहने का अनुमान हैए जबकि रात का तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। दिन में धूप और रात में ठंड पड़ने के कारण रबी फसलों के लिए यह मौसम फायदेमंद माना जा रहा है।

# जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

न्यायोत्सव अंतर्गत किया कार्यक्रम आयोजित

परीक्षण उपरांत वितरित की दवाइयां

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव सप्ताह के अंतर्गत जिला जेल टीकमगढ़ में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ-साथ विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।**



शिविर में श्रीमती सुनीता गोयल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक जेल बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है, जेल में अभिरक्षित बंदीगण को विधिक सहायता का लाभ प्राप्त करना चाहिए। श्रीमती सुनीता गोयल ने कहा कि जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए आज न्यायालय कानूनी मदद के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के अधिकारों के संरक्षण हेतु प्रयासरत है। इस अधिकार के संरक्षण हेतु जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें 74 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉक्टर जगदीश प्रजापति, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. विनय सोनी, डॉ. विकास जैन, डॉ. मेघा खरे के द्वारा अपनी चिकित्सीय टीम के साथ बंदीगण का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसौरिया, एके शुक्ल उपअधीक्षक जिला जेल, एलएडीसीएस के पदाधिकारीगण सहित जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात उपजेल जतारा में भी विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हरीश वानवंशी, प्रथम जिला न्यायाधीश, जतारा द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में एवं अन्य कानूनी जानकारी दी। उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. संजय कुशवाहा एवं डॉ. वीरेन्द्र अहिरवार एवं उनकी मेडीकल टीम द्वारा 63 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

प्रक्रिया ▶ हाईकोर्ट के निर्देश पर अपीलीय समिति ने लिया संज्ञान

# नपा ने दुकानदारों की सुनवाई के बाद दिया जवाब

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर की लगभग 100 वर्ष प्राचीन नजाई मंडी को गिराकर नई दुकानें बनाने की तैयारी चल रही है। इस मामले में नगर पालिका ने 48 दुकानदारों की सुनवाई के बाद अपना जवाब जबलपुर हाईकोर्ट को सौंप दिया है।हालांकि 14 दुकानदार और 5 किराएदार इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए हैं।**




दरअसल नगर पालिका ने करीब चार महीने पहले दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे। इसके बाद दुकानदारों ने जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट के निर्देश पर नगर पालिका की अपीलीय समिति ने दुकानदारों के साथ बैठक कर उनकी बात सुनी। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बिल्डिंग के भौतिक सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया है। इस टीम में नगर पालिका के इंजीनियर शाखा प्रभारी और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। टीम को बिल्डिंग का निरीक्षण कर उसमें रह रहे लोगों की सूची और क्षेत्रफल का ब्यौरा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह उल्लेखनीय है कि लगभग 14 दुकानदार और बिल्डिंग के 5 किराएदार हाईकोर्ट की प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए थे। इसी कारण नगर पालिका ने अभी तक इन लोगों को सूची में शामिल नहीं किया है। हाईकोर्ट में केवल उन 48 दुकानदारों के मामले में सुनवाई की गई है जिन्होंने याचिका दायर की थी। प्राचीन नजाई मंडी में कुल 62 दुकानदार और 5 किराएदार रहते हैं। ऐसे मेंए केवल 48 दुकानदारों की सुनवाई होना एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश के कारण अपीलीय समिति ने सिर्फ 48 दुकानदारों को बुलाया था। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि बिल्डिंग गिराकर दोबारा निर्माण होता है तो विस्थापन प्रक्रिया के तहत उसमें निवासरत सभी दुकानदारों और किराएदारों को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि नगर पालिका ने नोटिस में दुकानदारों को दुकानें खाली करने के निर्देश दिए थे लेकिन अब तक किसी भी दुकानदार या किराएदार ने अपनी दुकान या मकान खाली नहीं किया है।

### भौतिक सत्यापन के लिए टीम गठित

इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बताया कि बिल्डिंग के भौतिक सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया है। इस टीम में नगर पालिका के इंजीनियर शाखा प्रभारी और अन्य कर्मचारी शामिल रहेगे। टीम को बिल्डिंग का निरीक्षण कर उसमें रह रहे लोगों की सूची और क्षेत्रफल का ब्यौरा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कार्य को जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

## बदलते मौसम में लोग हो रहे बीमार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बदलते मौसम के चलते जिला चिकित्सालय में इन दिनों डिहाईड्रेशन, खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त, पेट दर्द एवं वायरल बुखार होने के मरीजों की संख्या में एक साथ इजाफा हुआ है। जिसमें सबसे ज्यादा उल्टी,दस्त, खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीज आ रहे है।**

चिकित्सा विभाग मरीजो के इलाज में जुटा है। अस्पताल डॉ. अजीत जैन ने बताया पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते लोग बीमार हो रहे है। इसके अलावा सुबह शाम ठंड़क होने के कारण भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह 9 बजे से ही मरीजों की कतारें लगना शुरू हो जाती है। इन दिनों छोटे बच्चे निमोनिया की बीमारी शिकार हो रहे है। वहीं बुखार, सर्दी, जुकाम के मरीज सामने आ रहे है।

## छात्र-छात्राओं को दी एक्ट की जानकारी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव सप्ताह के तीसरे दिवस गुरू हरिकिशन हायर सेकण्डरी विद्यालय, में चित्रकला प्रतियोगिता के साथ-साथ विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी।**

कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ एवं अनुज कुमार चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम एक भारतीय कानून है जो 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण से बचाता है।